हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 22 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

11 साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सावधानी व सतर्कता से बेहतर उपाय कोई नहीं: एसपी हेमेंद्र मीणा



12 श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में भोलेबाबा की धूम, बोल बम के लगे जयकारे



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। स्कूल में वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### भाविप ने गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल में लगाया वाटर कूलर

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद के संरक्षक समाजसेवी रमेश सचदेवा की प्रेरणा से उनके भाई विनीश सचदेवा की ओर से राजकीय कन्या वरिश्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी में वाटर कूलर लगाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष सांभरिया व स्कूल प्रिंसिपल धर्मवीर यादव ने भाविप के सदस्यों के साथ वाटर कूलर का शुभारंभ किया। रमेश सचदेवा के बताया कि भारत विकास परिषद की ओर से यह 25वां वाटर कूलर लगाया गया है, जिनकी देखभाल भी परिषद कर रही है। मुख्य अतिथि सुभाष सांभरिया ने इस नेक कार्य के लिए भारत विकास परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज वं संस्थाओं को इस तरह के नेक कार्य के लिए आगे आना चाहिए ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद हो सकें। इस मौके पर विजय सिंह, मनोज, संयोगिता, सुमन यादव, दलीप शास्त्री, निधि गौतम, मुकेश सैनी, दयाराम मास्टर, रामकिशोर सैनी, इंदु, पूनम, लक्ष्मीनारायण व तेजभान सहित अनेक गणमान्य लोग व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### रेल इंजन की चपेट में आने से महिला की मौत

**कोसली।** कोसली रेलवे स्टेशन से तीन किलोमीटर दूर रेवाड़ी लाइन पर भूरथला फाटक के समीप सोमवार प्रातः एक अधेड़ महिला की कोसली से रेवाड़ी की ओर जा रहे एक रेल इंजन की चपेट में आने से मौत हो गई। इंजन ड्राइवर की सूचना के बाद कोसली स्टेशन मास्टर ने जीआरपी चरखी दादरी को सूचना दी, जिसके बाद राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। जीआरपी की जांच अधिकारी अनिता व नरेश ने बताया कि लगभग 50 वर्षीय महिला की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक महिला के शव को पहचान के लिए कोसली अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

### जयपुर-दिल्ली सराय डबल डेकर रेलसेवा 22 से 28 तक रहेगी आंशिक रद

**रेवाड़ी।** उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित जयपुर-दिल्ली सराय-जयपुर वातानुकूलित डबल डेकर रेलसेवा पूर्ण रद के स्थान पर आंशिक रद रहेगी। रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 12985 जयपुर-दिल्ली सराय वातानुकूलित डबल डेकर रेलसेवा 22 से 28 जुलाई तक जयपुर से प्रस्थान करके दिल्ली छावनी स्टेशन तक ही संचालित होगी। यह टेन दिल्ली छावनी-दिल्ली सराय के मध्य आंशिक रद रहेगी।

## शहर में बिजली निगम का एक भी ऐसा पोल नहीं, जिस पर केबल का जाल न हो

# बिजली के खंबों पर केबल तारों का जंजाल बिजली निगम ने दी केबल ऑपरेटरों को छूट

- बारिश के समय शार्ट सर्किट से रहता है हादसों का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

शहर में बिजली निगम का एक भी पोल ऐसा नहीं है, जिस पर केबल का मकड़जाल न हो। अवैध रूप से लटके इन तारों को हटाने के लिए बिजली निगम के अधिकारी कोई कार्रवाई तक नहीं कर रहे है। बिजली उपभोक्ताओं की सर्विस लाइन में तार का मकड़जाल बना हुआ है, यह कभी भी हादसों को आंमत्रित कर सकता है। बिजली के पोल से बिजली की लाइन के अलावा डिश केबल और इंटरनेट की ब्रॉड बेंड सहित अन्य लाइन भी गुजर रही है, जिसके कारण बारिश में हमेशा शॉर्ट सर्किट होने का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि बिजली निगम के अधिकारियों व केबल ऑपरेटरों के बीच मिली भगत होने से यह खेल चल रहा है।







रेवाड़ी। बावल रोड पर बिजली के पोल पर लटकते केबल के तार, सेक्टर-1 में खंबे पर लटकते केबल के तार, मॉडल टाउन में बिजली पोल पर केबल का जंजाल।

### शहर ज्यादातर बिजली पोल पर केबल का जाल

शहर में एक भी बिजली का पोल ऐसा नहीं है, जिस पर केबल के तारों के गुच्छे न लटके हों। सैकड़ों पोल तो ऐसे हैं, जिन पर एक साथ केबल के तारों के दर्जनों गुच्छे बनाकर लटकाए गए हैं, जोकि जमीन तक लटके हुए है। बिजली के पोल पर बिजली के तार कम केबल टीवी के तार ज्यादा मिल रहे है। कई बार फाल्ट होने पर लाइनमैन को भी पोल पर चढ़ने में काफी परेशानी होती है। शहर के सेक्टर-1, सेक्टर-3 व सेक्टर-4 सहित मॉडल टाउन में बिजली की खंबों पर पूरी तरह केबल ऑपरेटरों ने केबल लगाकर कब्जा किया हुआ है। इसके अलावा मौहल्लों व बाजार में लगे बिजली पोल का भी यही हाल है।

### बारिश के समय रहता ज्यादा खतरा

नियमों के अनुसार कोई भी ऑपरेटर बिजली के पोल पर केबल तार नहीं लगा सकता है। बिजली निगम के अधिकारियों की लापरवाही व अनदेखी के केबल ऑपरेटर निगम की अनुमति के बिना बिजली के खंभों पर चढ़ जाते हैं। उनके साथ या फिर बिजली कर्मचारियों के साथ इन तारों से कोई भी हादसा हो सकता है। बारिश के समय शॉर्ट सर्किट होने का खतरा ज्यादा बना रहता है। केबल तारों के जाल के कारण बिजली पोल पर चढ़ने व उतरने में हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

### हादसों का कारण बन रही केबल

डिश केबल की तार हादसों का कारण भी बन रही हैं। बड़े वाहनों में फंसकर केबल तार अक्सर टूटकर सड़क पर गिर जाती है, जिससे सड़क से गुजरने वाले दोपहियां वाहन सवारों को परेशानी का समाना करना पड़ता है। केबल की टूटी तार बाइक के पहियों में फंसने से बाइक सवार गिर भी जाते हैं। गत वर्ष सेक्टर-1 में बिजली की पोल लगी लटकी केबल की तारों में शार्ट सर्किट से आग लग जाने से कई उपभोक्ताओं के बिजली के मीटर पूरी तरह जलकर राख हो गए थे, जिससे बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### स्ट्रीट लाइटों के पोल पर भी केबल का जंजाल

बिजली निगम की तरह नगर परिषद की ओर से लगाई स्ट्रीट लाइटों का भी यही हाल है। स्ट्रीट लाइटों पर भी केबल नेटवर्क वालों ने अपने तार बांधे हुए हैं, जो कि गैरकानूनी है। हैरानी की बात है कि यह तार बिजली निगम और नगर परिषद के अधिकारियों के सामने लगे हैं, फिर भी किसी पर कोई कार्रवाई तक नहीं होती है। केबल ऑपरेटरों पर कार्रवाई न करना अधिकारियों को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। पोल से ही बिजली की सप्लाई आ रही है। ऐसे में यदि केबल तार बिजली की तार के संपर्क में आ जाए तो करंट भी आ सकता है।

## भाविप ने मनाया हरियाली तीज का त्योहार



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद भाविप परिवार की महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से श्रीराम पैलेस, झज्जर रोड पर हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव की मुख्य अतिथि सरोज मेहरा जिला पार्षद थी और अध्यक्षता भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि मुकेश सैनी प्रांतीय संयोजक पर्यावरण थे। कार्यक्रम कि शुरूआत परिषद् की बुजुर्ग महिलाओं ने की। कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं ने देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी बच्चों को परिषद की ओर से मोमेंटो प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव ने शाखा के सेवा व संस्कार के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर भाविप के जिला समन्वयक डा. प्यारेलाल, डा. राहुल सिंगला व डा. बसंत गुप्ता भी मौजूद थे। शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सचिव राम किशोर सैनी, डा. अनिल सैनी, हुक्म चन्द प्रजापत, कोषाध्यक्ष प्रेम मेहंदीरत्ता, योगेश शर्मा, नितिन गोयल, संजीव यादव, कृष्ण जांगिड़, सुभाष शर्मा, मोहित सचदेवा, मदनलाल सैनी, अनिल सैनी, सरदार काश्मीर सिंह व ज्योति शर्मा सहित सभी यदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन प्रभा सैनी व पूनम सैनी ने किया।

### बुड़ौली में शिवरात्रि पर्व पर जागरण आज, 24 को होगा भंडारा

**रेवाड़ी।** गांव बुडौली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाबा भोले भक्तों के लिए बुड़ौली खालेटा मार्ग पर स्थित नए शिव मंदिर में 15वें शिव कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सेवा समिति के सदस्य पंडित मुरारीलाल, मीर सिंह यादव, भूप सिंह चौधरी, अशोक कुमार व ग्रामीणों ने बताया कि 22 जुलाई को रात्रि 9:15 बजे से जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शेरसिंह सोलंकी एंड पार्टी, रिंकी चौधरी पानीपत, रिंकू राजस्थानी व सुरेंद्र योगी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से भोले बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस मौके पर मनमोहक झांकी का भी आयोजन किया जाएगा। 23 जुलाई को शिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा और 24 जुलाई को प्रातः हवन के बाद देशा घी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा गांव में भव्य मेले का भी आयोजन भी होगा।

## स्मैक बेचने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 58 मिलीग्राम नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला खासापुरा निवासी मुकेश उर्फ मोनू उर्फ फोजी वाला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 58 मिलीग्राम नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया है। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली थी की मोहल्ला खासापुरा निवासी मुकेश उर्फ मोनू उर्फ फोजी वाला अवैध नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है तथा सब्जी मंडी के पीछे आर्य समाज रोड़ पर पुरानी नगर पालिका के पास खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर कब्जे से 58 मिलीग्राम ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी मुकेश उर्फ मोनू उर्फ फोजी वाला। फोटो :हरिभूमि



### श्रावण मास के दूसरे सोमवार को आजाद चौक शिव मंदिर में संकीर्तन का आयोजन

**रेवाड़ी।** आजाद चौक शिव मंदिर में सावन माह के दूसरे सोमवार को विशेष संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित सुमन भारद्वाज ने बताया कि पवित्र श्रावण मास के हर सोमवार को विशेष संकीर्तन होता है। इस अवसर पर महिलाओं ने मनमोहक भजनों पर नृत्य किए। मंदिर के पुजारी भारद्वाज ने बताया कि 23 जुलाई को शिवरात्रि पर हरियाणा क्षेत्र के सबसे बड़ी महा कांवड, डाक कावड़ एवं पैदल कांवड़ए हरिद्वार से गंगाजल लाकर भोले बाबा का रुद्राभिषेक करेंगे। श्री बालाजी धर्म समिति मेंबर कांवड़ियों का स्वागत व सेवा करेंगे। इस अवसर पर कैलाश देवी, मुकेश यादव, अंजलि महेश्वरी, पूजा माहेश्वरी, सुमन यादव, सुनीता यादव, शकुंतला महेश्वरी, मीना वर्मा, सविता वर्मा, रेखा सैनी, बबीता शर्मा, किरण, कोमल मिश्रा व मीनाक्षी महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## आईजीयू के विभागों में सुपरन्यूमेररी सीटों पर बिना परीक्षा के होगा सीधा प्रवेश

- मेरिट सूची 25 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी एवं 28 जुलाई 2025 को फिजिकल काउंसलिंग होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए संचालित विभिन्न स्नातक-स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षित अतिरिक्त सीटों यानि सुपरन्यूमेररी सीटों पर बिना प्रवेश परीक्षा के प्रत्यक्ष प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए कश्मीरी छात्र, अनाथ छात्र, उत्कृष्ट खिलाड़ी, सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, विदेशी छात्र, एनआरआई छात्र, रक्षा क्षेत्र से संबंधित अभ्यर्थी, सिंगल गर्ल चाइल्ड, मीरपुर निवासी छात्र व उपरोक्त श्रेणियों में आने वाले छात्र 23 जुलाई 2025 तक ऑफलाइन आवेदन फॉर्म भरकर विभाग कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्रबंधन विभाग की चेयरपर्सन डा. समृद्धि ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन विशेष श्रेणियों के लिए यह सुविधा प्रदान की गई है, ताकि विविध पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर मिल सकें। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची 25 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी एवं 28 जुलाई 2025 को फिजिकल काउंसलिंग होगी। विभिन्न श्रेणियों की अतिरिक्त सीटों का विवरण सूचना विवरणिका के पृष्ठ संख्या 39 से 41 पर क्रम संख्या 1 से 10 तक उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवारों को सूचना विवरणिका के परिशिष्ट पी में उपलब्ध निर्धारित आवेदन पत्र भरकर सभी दस्तावेजों के साथ संबंधित विभाग में आवेदन करना होगा।

### शत प्रतिशत रहा एमए राजनीतिक विज्ञान और एमए अंग्रेजी के चौथे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम

*कोसली। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर के एमए राजनीतिक विज्ञान और एमए अंग्रेजी के चौथे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। एमए राजनीतिक विज्ञान के चौथे सेमेस्टर में छात्रा पायल ने 77.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, कविता ने 76.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय और प्रियंका ने 75.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमए अंग्रेजी के चौथे सेमेस्टर में करिश्मा ने 69.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, पूजा कुमारी ने 68 प्रतिशत के साथ द्वितीय और भारती यादव ने 67.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीकॉम ऑनर्स में छात्राओं ने वाणिज्य विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और व्यावसायिक कौशल में अपनी क्षमता दिखाई। जागृति ने 76 प्रतिशत के साथ प्रथम और कोमल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीकॉम ऑनर्स के छठे सेमेस्टर का कुल परीक्षा परिणाम 87.5 प्रतिशत रहा। रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने छात्राओं को उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फैकल्टी सदस्य डा. अनिल कुमार, डा. राकेश, डा. योगेन्द्र, डा. रीनू यादव, डा. अंजलि यादव, नीलम यादव व अंजलि पांचाल ने छात्राओं की मेहनत और समर्पण की सराहना की।*

## शिव इस मास में विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को सुख-शांति का आशीर्वाद प्रदान करते हैं

# श्रावण मास में रुद्राभिषेक, रुद्राष्टाध्यायी और महामृत्युंजय जाप जैसे पूजन होते हैं अत्यंत फलदायक: अमृतानंद

- कार्यक्रम में भजन गायिका उर्वशी भारद्वाज ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से श्रावण मास के पावन अवसर पर गढ़ी बोलनी रोड स्थित सोसायटी के मंदिर में रुद्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। बेंगलुरु आश्रम से पधारे स्वामी अमृतानंद एवं वेदों में पारंगत वैदिक पंडितों ने पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर स्वामी अमृतानंद ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का विशेष माह होता है। इस पवित्र माह में रुद्राभिषेक, रुद्राष्टाध्यायी और महामृत्युंजय जाप जैसे पूजन अत्यंत फलदायक माने जाते हैं। भगवान शिव इस मास में विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को स्वास्थ्य, समृद्धि एवं सुख-शांति का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में भजन गायिका उर्वशी भारद्वाज ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन अमंगनी सोसायटी मंदिर में रात्रि 7:30 से 8:30 बजे तक ध्यान और शिव भजन का आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया इस बार आर्ट आफ लिविंग संस्था 5 जगह पूजा का आयोजन कर रही है। पूजन के उपरांत भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में संदीप, सुधीर, डा. दीपक शर्मा, उर्मिला भारद्वाज, उर्वशी, मास्टर देवेंद्र, सतीश वाधवा व नरेंद्र डांग सहित सोसायटी के सभी निवासियों ने सहयोग किया। ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने त्रिलोक चंद शर्मा डायरेक्टर सोसायटीएवं उनकी टीम का कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। सोसायटी में शिव पूजा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष को बधाई देते लक्ष्मण सिंह।

### विधायक ने नए राज्यपाल प्रो. असीम घोष को दी बधाई

**रेवाड़ी।** विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा के नए राज्यपाल नियुक्त होने पर राजभवन में बधाई दी। विधायक ने कहा कि नवनियुक्त राज्यपाल के प्रशासनिक अनुभव का लाभ हरियाणा प्रदेश के विकास को और ऊंचाइयों तक ले जाएगा और नई दिशा देने का काम करेगा। विधायक लक्ष्मण सिंह सोमवार को हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में नवनियुक्त राज्यपाल प्रो.असीम कुमार घोष के शपथ लेने उपरांत उनसे मुलाकात की। उन्होंने प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा के राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में व रायपाल प्रो.घोष की देखरेख में हरियाणा विकसित भारत के सपने को साकार करते हुए राष्ट्र की पहचान दुनिया में कायम करेगा।



# हरियाली तीज स्त्रीत्व का उत्सव

सावन के महीने में मनाए जाने वाले हरियाली तीज पर्व का धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व तो है ही, इसे स्त्रीत्व का उत्सव भी माना जाता है। इससे जुड़े रीति-रिवाजों और परंपराओं में परिवार और रिश्तों की मंगलकामनाएं भी निहित होती हैं। इसीलिए आज के दौर में भी इस पर्व की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है।

पर्व
यशोधरा भटनागर

हरियाली तीज आते ही बीती यादें आंखों के सामने नाचने लगती हैं। कितने दिन पहले से मां तीज की तैयारी में लग जाती थीं। मनिहारिन काकी चूड़ी, टिकुली, मेहंदी, महावर का टोकरा सिर पर रखे आंगन में जम जातीं। दादी, चाची, हम सब उनके आस-पास बैठ जाते। हमारी आंखें काकी के टोकरे को स्कैन कर लेने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। सावन के सेहरों संग उत्सव के हरे, लाल, पीले खुशियों के रंग चारों ओर बिखर जाते। दादी बताती थीं कि सावन का महीना शिव पूजा का पवित्र माह है। शिव जी के प्रिय श्रावण मास में सबसे ज्यादा वर्षा होती है। अधिक वर्षा शिवजी के विष से गर्म शरीर को ठंडक प्रदान करती है। भारतीय लोकजीवन में सावन प्रेम, सौंदर्य और श्रद्धा का माह है। इस माह में आया हरियाली तीज का पर्व, भारतीय स्त्री के जीवन, उसकी संवेदनाएं और उसके संकल्पों का सुंदर भावनात्मक प्रस्तुतीकरण है।



### तीज का मूलार्थ और स्वरूप



'तीज' शब्द संस्कृत के 'तृतीया' से लिया गया है, जिसका अर्थ है हिंदू पंचांग की शुक्ल या कृष्ण पक्ष की तीसरी तिथि। सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को 'श्रावण तीज' या 'हरियाली तीज' कहा जाता है। मुख्य रूप से यह पर्व उत्तर भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में महिलाओं द्वारा श्रद्धा, प्रेम और उल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है। मान्यता है, देवी पार्वती ने शिव जी को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। देवी पार्वती ने सावन में मृतिका से शिवलिंग का निर्माण करके भक्ति भाव से शिवजी का पूजन किया और तपस्या में लीन हो गईं। उनकी तपस्या से अंत में प्रसन्न होकर हरियाली तीज पर भगवान शिव प्रकट हुए और देवी पार्वती को वरदान दिया कि तुम मेरी अर्धांगिनी बनोगी। इस प्रकार भोलेनाथ सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को विवाह के लिए तैयार हुए थे। इसीलिए हर साल हरियाली तीज के दिन कुंवारी लड़कियां मनचाहे वर के लिए और विवाहित स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत करती हैं।

### तीज का सामजिक-सांस्कृतिक और भावनात्मक पक्ष



सावन की तीज नारी जीवन के उस पहलू को सजीव करती है, जहां वह एक उपासिका, एक सृजनशील शक्ति और एक भावनात्मक केंद्र बन जाती है। विवाहित स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए व्रत रखती हैं। यह उपवास केवल दैविक आस्था नहीं, बल्कि एक मानसिक और आत्मिक शक्ति का प्रदर्शन भी है। मायके और ससुराल के बीच भावनाओं का पुल बनती है तीज। विवाहित बेटियों को मायके बुलाया जाता है। गोटा लगी हरी-लाल लहरिया लहराती साड़ी में सजी बहू-बेटियों के हाथों में मेहंदी, कलाई में चूड़ियां, पांवों में महावर, बिछिए, पायल के स्वर पूरे माहौल को झंकृत करते आशीष देते हैं। गीतों, हंसी, झूलों और श्रृंगार से सजी यह बेला उन्हें अपने स्त्रीत्व का उत्सव मनाने का अवसर देती है। तीज जैसे पर्व भारतीय स्त्री को मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त करते हैं। सहेलियों, बहनों, पड़ोसियों के साथ त्योहार मनाने से आपसी संबंध मजबूत होते हैं।

### व्रत, पूजा और अनुष्ठान

तीज के दिन महिलाएं सूर्योदय से पूर्व स्नान कर सुंदर-स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं। व्रत रखती हैं और दिनभर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। शिव-पार्वती की कथा से उन्हें प्रेम, समर्पण और आत्मबल का आदर्श मिलता है। सौभाग्यवती स्त्रियां सोलह श्रृंगार, मेहंदी, चूड़ियां, बिंदिया, पायल, साड़ी आदि में सजकर देवी पार्वती की भांति स्वयं को नववधु के रूप में अलंकृत करती हैं। तीज के पारंपरिक लोकगीतों के साथ यह व्रत संपन्न होता है।

### झूले, गीत और नारी की अभिव्यक्ति

सावन और तीज के गीत भारतीय स्त्रियों की भावनाओं, पीड़ा, प्रतीक्षा, प्रेम और सामाजिक स्थिति के स्वरों को पिरोते हैं। 'कजरियां', 'सावन के झूले', 'मायके बुलावे' जैसे गीत न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि स्त्री के भीतर छिपे भावलोक की सुंदर झलक भी हैं।


### आधुनिक संदर्भ में तीज

समय के साथ तीज का स्वरूप बदला है, पर इसका आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आज की नारी भी इस पर्व को केवल रीति नहीं, एक उत्सव के रूप में मनाती है, जहां वह अपने अस्तित्व, विश्वास और संबंधों को फिर से सजीव कर आनंदित होती है। सावन की तीज केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, यह भारतीय स्त्री के आंतरिक सौंदर्य, उसकी सहनशीलता, उसकी आस्था और उसके आत्मबल का प्रतीक है। यह पर्व उसे अपनी जड़ों से जोड़ता है, प्रकृति के साथ उसका संवाद कराता है। हरियाली तीज नारी का उत्सव है। उत्सव है भावों का, विश्वास का और उसकी अपनी पहचान का।

# हाथों पर रचवाएं आकर्षक मेहंदी

हरियाली तीज पर आप ट्रेडिशनल ड्रेसअप, मेकअप और ज्वेलरी कैरी करने के साथ हाथों पर मेहंदी भी जरूर लगवाएंगी। हम आपको यहां बता रहे हैं कि किस तरह के मेहंदी डिजाइन इन दिनों ट्रेंड हैं, जिन्हें आप रचवा सकती हैं।

श्रृंगार
निधि गोयल



तीज का त्यौहार विवाहित महिलाओं के लिए बहुत मायने रखता है। ऐसे में महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं। सोलह श्रृंगार को पूरा करती है हाथों में रची प्यारी-प्यारी मेहंदी। यहां हम आपको बता रहे हैं कि किस तरह के मेहंदी के डिजाइन आप अपने हाथों में लगाकर इस तीज पर डिफरेंट नजर आ सकती हैं। इनमें से कुछ मेहंदी डिजाइंस पर एक नजर।

### भरवा मेहंदी डिजाइन

तीज जैसे मौके पर भरे-भरे डिजाइन वाली मेहंदी पसंद की जाती हैं। इनके अलावा जालीदार, फूल पत्तियों के डिजाइन काफी पसंद किए जाते हैं। साथ ही इनमें फूलों के डिजाइन भी काफी सुंदर लगते हैं। जब आप इस तरह की मेहंदी लगवाती हैं, तो हाथों की खूबसूरती और बढ़ जाती है।

### अरेबिक मेहंदी डिजाइंस



अरेबियन मेहंदी के डिजाइन अधिकतर महिलाओं को पसंद आते हैं। इनमें आजकल कई तरह के डिजाइन ट्रेंड में चल रहे हैं। इस डिजाइन से आपके हाथों को बेहद सुंदर लुक मिलता है। अरेबिक मेहंदी डिजाइन में हाथों में भरकर मेहंदी नहीं लगाई जाती है। बल्कि इसमें बेल टाइप मेहंदी डिजाइन ज्यादा पसंद की जाती है। साथ ही आपकी लगी हुई मेहंदी हैवी भी नजर आती है। इनमें बहुत सारे डिजाइन आजकल ट्रेंड में हैं, इनमें से आप कुछ अलग हट कर डिजाइन अपने हाथों पर लगवा सकती हैं।

इस डिजाइन में हथेली को पूरी तरह भर कर बनाया जाता है। यह डिजाइन बहुत खिलता हुआ नजर आता है।

### पोर्ट्रेट मेहंदी डिजाइंस



आजकल इस तरह की मेहंदी डिजाइन भी काफी ज्यादा पसंद की जा रही है। इसमें अपने किसी खास व्यक्ति की मुखाकृति को बनाया जाता है। शादी और तीज जैसे त्यौहारों पर तो खासकर इस मेहंदी डिजाइन को काफी पसंद किया जाता है। खासकर ब्राइडल के हाथों पर इन मेहंदी को आपने लगा देखा होगा। इसमें दूल्हा और दुल्हन की आकृति को हाथों पर बनाया जाता है। जिससे ब्राइडल के हाथ बेहद सुंदर नजर आते हैं। तीज जैसे त्यौहारों पर भी इस मेहंदी डिजाइन का काफी क्रेज देखा जा रहा है।

### टैटू मेहंदी डिजाइंस



अगर आपके पास कम समय है और आप कुछ घंटे बैठकर मेहंदी कहीं लगवा नहीं पाती हैं तो ऐसे में टैटू मेहंदी लगा सकती हैं। इसके लिए बाजार में मिलने वाले मेहंदी के टैटू आप स्वयं लेकर आसानी से हाथों पर लगा सकती हैं। टैटू मेहंदी में आप काफी सारे डिजाइन, जो काफी ट्रेंडी और यूनिक हैं, उन्हें खरीद के इस तीज पर अपने हाथों पर लगा सकती हैं।

### ज्वेलरी मेहंदी डिजाइंस

त्यौहारों पर यह मेहंदी डिजाइन भी बेहद सुंदर नजर आती है। ज्वेलरी मेहंदी के डिजाइन इस तरह के लगाए जाते हैं कि आपके हाथों पर लगाई गई मेहंदी गहनों की तरह नजर आती है। ज्वेलरी मेहंदी डिजाइंस आमतौर पर पूरे हाथ, बाजू और पैरों को कवर करते हैं और बहुत विस्तृत और कलात्मक होते हैं। इन्हें अगर सफाई से नहीं लगवाया जाए तो फिर ज्यादा सुंदर नहीं लगते हैं। ऐसे में मेहंदी लगाने वाले का एक्सपर्ट होना जरूरी है।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

बच्चे और आप
नीलम अरोड़ा

छोटे बच्चे अपने पापा-मम्मी के पास ज्यादा से ज्यादा रहना चाहते हैं। पैरेंट्स भी यही चाहते हैं। सवाल यह है कि बच्चे रात में अकेले सोएं या अपने पापा-मम्मी के साथ? इस बारे में आपके लिए जरूरी सलाह।

# बच्चों को अपने साथ सुलाना कितना सही-कितना गलत



हमारे देश में ही नहीं, दुनिया के कई और देशों में भी बच्चों को काफी उम्र तक माता-पिता अपने साथ सुलाते हैं। उनका मानना होता है कि इससे बच्चों की माता-पिता के साथ बॉन्डिंग ज्यादा गहरी होती है। बच्चे स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। पैरेंट्स भी उनकी सुरक्षा के विषय में सुनिश्चित रहते हैं। कई माता-पिता अपने बेडरूम में ही बच्चों को एक ही पलंग पर सुलाते हैं, तो कई अपने बेड पर न सुलाकर उन्हें उनके लिए अलग बेड की व्यवस्था करते हैं। पश्चिमी देशों में इसके विपरीत बच्चों को शुरू से ही अलग सुलाया जाता है, जिसमें सबसे बड़ी वजह बच्चों को बेहतर नींद आए और माता-पिता की प्राइवेसी में कोई खलल न पड़े।

**साथ सुलाने के फायदे:** बच्चों को साथ सुलाने के कई फायदे होते हैं। इससे उनको भावनात्मक सुरक्षा तो मिलती ही है, जब वो साथ सोते हैं तो कम रोते हैं और कम तनावग्रस्त होते हैं। उनका शारीरिक विकास भी बेहतर होता है, क्योंकि अलग सोने वाले बच्चों की तुलना में वे खुश रहते हैं, उनकी कम तनाव होने और स्वस्थ रहने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा होता है। माता-पिता जब बच्चों को अपने साथ सुलाते हैं तो चूंकि वे उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होते हैं, उन्हें भी अच्छी नींद आती है। बच्चों के साथ उनके रिश्ते मजबूत होते हैं। एक-दूसरे के करीब होने के कारण वे एक-दूसरे की शारीरिक और मानसिक जरूरतों को ज्यादा अच्छी तरह से समझ सकते हैं। साथ में सुलाने से बच्चों की देखभाल करना, उनकी किसी भी तरह की जरूरत को समझना उनके लिए ज्यादा सुविधाजनक होता है।



**बच्चों को अलग कब सुलाएं:** इस विषय में कोई सटीक जवाब नहीं मिलता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों को छह महीने के बाद अलग सुलाना चाहिए। जबकि कुछ का मानना है कि बच्चे जब दो या तीन साल के हो जाते हैं तो पैरेंट्स को अपनी प्राइवेसी मेंटेन करने के लिए उन्हें अपने से अलग सुलाना चाहिए। कुछ बालरोग विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों के साथ लंबे समय तक बेड शेयरिंग नहीं करनी चाहिए। खासतौर पर बच्चे जब छोटे हों। क्योंकि नींद में बच्चों की स्थिति का पता नहीं चलता। ऐसे में यदि माता-पिता को कोई संक्रामक रोग है तो इसका असर बच्चे पर पड़ सकता है।

**कुछ और जरूरी सुझाव:** यदि बच्चा प्री-मैच्योर है तो उसे मां को अपने साथ सुलाना चाहिए। बच्चे को एक ही बिस्तर पर सुलाने से जगह कम होने के कारण उनके गिरने की भी आशंका रहती है।

- यदि बच्चे को लंबे समय तक अपने साथ सुलाया जाए तो एक समय के बाद उसे अकेले सोने में डर लगता है। बाद में उनकी आदत बदलना कठिन होता है।
- अगर आप भी अपने बच्चों को अपने साथ सुलाती हैं तो इस बात का खास ख्याल रखें कि आपका बिस्तर कितना लंबा चौड़ा है। अगर इसमें पर्याप्त स्थान नहीं है तो बच्चे के गिरने या दबने की भी आशंका रहती है।
- अगर बच्चे का माता-पिता के साथ ज्यादा भावनात्मक जुड़ाव हो तो उसे धीरे-धीरे अपने से अलग सुलाने की आदत डालनी चाहिए। साथ सुलाने में माता-पिता की ही नहीं बच्चे की नींद भी बाधित होती है।
- बच्चा अगर बहुत छोटा नहीं है तो उसके लिए अपने ही कमरे में अलग बेड की व्यवस्था करें। धीरे-धीरे उसे अलग कमरे में सुलाएं, लेकिन उसका कमरा आपके बेडरूम से ज्यादा दूर नहीं होना चाहिए। ताकि रात के समय जब उसे आपकी जरूरत हो तो आप उसके लिए तुरंत वहां हाजिर हो सकें।

मेंटल हेल्थ
अंजू जैन

# क्या आप हमेशा सोचती हैं नेगेटिव



कुछ लोगों का मन हमेशा उदासी में डूबा रहता है। उन्हें लगता है, कोई उनको पसंद नहीं करता। अपने आपको हर काम में असक्षम मान लेते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आप नेगेटिवटी से घिरी हुई हैं, मानसिक रोग से ग्रस्त हो सकती हैं। इससे जल्द से जल्द उबरिए। सबसे पहले अपने आपको पहचानें कि क्या आप मानसिक रोग से ग्रस्त हैं, फिर अपनी सोच बदलने का प्रयास करें।

**मुझे कोई चाहता नहीं:** 'मेरी किसी को परवाह नहीं।', 'हर कोई खुद में ही मस्त है, मुझे कोई नहीं चाहता।' अगर अकेले में आप ऐसा बार-बार सोचती हैं तो समझ लें कि आपका दिमाग वास्तविकता की बजाय भावनाओं में बह रहा है, बहका हुआ है। ऐसे में कई बार आप अचानक अपराधबोध की शिकार हो जाती हैं, सोचती हैं कि मैंने कुछ गलत किया है।

**क्या करें:** 'द हैप्पीनेस ट्रैप' पुस्तक में मनोविज्ञानी रस हैरिस ने लिखा है कि इस स्थिति में आपको अपनी अनुभूतियों को कंट्रोल में लाना होगा, सच्चे मन से वास्तविकता को पहचानना होगा। 'मैं अकेली हूं, मुझे कोई नहीं चाहता।' ऐसा कुछ सोचना, अस्थाई मानसिक स्थिति के इमोशंस हैं। इन्हें आपको हवा में उड़ाना सीख लेना चाहिए। अपने इमोशंस को कंट्रोल सकती हैं।

**कोशिश करना बेकार है:** आपको अपनी पसंदीदा जॉब की वैकेंसी की खबर मिलती है। आप पल भर के लिए उत्साहित होती हैं। लेकिन अगले ही पल आपका मन बुझ जाता है, आप अपनी क्वालिफिकेशन से ज्यादा अपनी कमियां गिनने लगती हैं। फिर सोचती हैं कि मुझे यह जॉब नहीं मिलेगी।



**क्या करें:** यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना की पॉजिटिव इमोशंस एंड साइको-फिजियोलॉजिकल लैब में डायरेक्टर बारबरा फ्रेड्रिक्शन कहती हैं, 'हमारी ज्यादातर नेगेटिविटी मेंटल टाइम ट्रैवल से आती है। नेगेटिविटी से उबरने के लिए आप धीरे-धीरे अपनी पॉजिटिव बातों पर फोकस करिए। एक-एक कर आपको अपनी क्षमताओं का अनुभव होने लगेगा, उसी वक्त संकल्प लें कि आपको पूरी ऊर्जा के साथ यह काम करना है। हर शाम दिनभर की अच्छी बातें, घटनाएं और उपलब्धियां लिखें और इसके लिए ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करें। मेडिटेशन करें। आपको निराशा से उबरने में मदद मिलेगी।'

**हर बुरी बात के लिए खुद को जिम्मेदार मानना:** कई बार आप अपने आस-पास होने वाली हर बुरी बात के लिए खुद को जिम्मेदार मानने लगती हैं। कोई किसी मीटिंग या किसी पार्टी में आपके जाते ही निकल जाता है तो आपको लगता है कि वह आपके व्यवहार से नाराज है।

**क्या करें:** सबसे पहले आपको इस बात पर विश्वास करना होगा कि दुनिया में या आपके इर्द-गिर्द हो रही हर बात के लिए आप जिम्मेदार नहीं हैं। मनोचिकित्सक और 'यू आर नॉट युअर ब्रेन' की लेखिका रेबेका ग्लेडिंग कहती हैं, 'आपको स्वीकार कर लेना चाहिए कि दूसरों के मूड पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। इससे उबरने में मदद मिलेगी।'

फिटनेस
शिखर चंद जैन

# घरेलू कामों से भी होती है एक्सरसाइज

फिट रहने के लिए हमेशा जरूरी नहीं कि जिम में जाकर वर्कआउट ही करें। आप बहुत से घरेलू काम करते हुए भी एक्सरसाइज के फायदे उठा सकती हैं, अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकती हैं। इस बारे में जानिए।

रवीना अपने बढ़ते वजन और कमर के बढ़ते घेरे से परेशान थी। मोटापे के कारण न सिर्फ उसका शरीर बेडौल होने लगा बल्कि उसे गैस और अपच जैसी समस्याएं भी सताने लगीं। फैमिली डॉक्टर उसे कई बार सुबह-शाम वर्कआउट करने के लिए या जिम ज्वाइन करने के लिए कह चुके थे। लेकिन रवीना को वक्त ही नहीं मिलता था। सुबह बेटे-बेटी को स्कूल भेजती, फिर पति के साथ ब्रेकफास्ट करती। ग्यारह बजे हाउसमेड आ जाती, उससे लंच बनवाने, कपड़े धुलवाने, बर्तन मंजवाने और पूरे घर की साफ-सफाई करवाने में एक बज जाता। उसके जाने पर वह खाना खाती, टीवी देखती और दो घंटे सो जाती। शाम को सोसायटी की कुछ महिलाएं आ जातीं, उनसे गप-शप करने में 6 बज जाते, फिर डिनर की तैयारी करती। इस तरह न तो उसे जिम जाने की फुर्सत मिलती और न वर्कआउट करने की। एक दिन उसने अपनी सहेली शैलजा से अपनी समस्या बताई और पूछा, 'तू भी तो जिम नहीं जाती फिर कैसे फिट दिखती है?' इस पर शैलजा बोली, 'घर की साफ-सफाई से लेकर बर्तन, कपड़े धोने, गार्डनिंग और खाना बनाने तक का काम मैं ही करती हूं। यही तो है मेरी फिटनेस और हेल्दी रहने का राज। तुझे पता है, घर के काम-काज करने का फायदा भी जिम जाने जितना ही मिलता है।' शैलजा ने बिल्कुल ठीक कहा।





**क्या कहती हैं स्टडीज:** हाल ही में एक अध्ययन के नतीजे में कहा गया है कि घरेलू काम-काज का फायदा जिम जाने या रोजाना वर्कआउट जितना ही मिलता है। पोंछा लगाने, घर साफ करने, बागवानी करने और बाजार से साग-सब्जी या घरेलू सामान लाने से भी काफी कैलोरी बर्न होती है, क्योंकि इन कामों में फिजिकल मूवमेंट्स भी काफी होती हैं। आप वर्किंग वूमेन हों या होममेकर, अगर वर्कआउट के लिए समय नहीं निकाल पातीं, तो अपनी दिनचर्या में से वो पल या काम ढूंढ़ लें, जिससे आप फिजिकल मूवमेंट्स में इंवॉल्व रह सकती हैं। आपको किसी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम है, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर वर्कआउट कर सकती हैं।

**ये भी हैं तरीके:** एक्सरसाइज का टाइम नहीं मिलता तो फिजिकल एक्टिविटी के लिए घर से ऑफिस जाते समय बस से एक स्टॉपेज पहले उतर कर पैदल जा सकती हैं। इसी प्रकार आते समय भी घर से एक स्टॉपेज पहले उतर सकती हैं। चौथी मंजिल पर स्थित ऑफिस और तीसरी मंजिल पर मौजूद फ्लैट में जाने के लिए लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों को यूज कर सकती हैं। इसी प्रकार बागवानी करने से भी तन और मन दोनों फिट रहते हैं। बागवानी के लिए काफी चलना-फिरना पड़ता है, हाथों की मूवमेंट्स करनी पड़ती है। इससे भी एक्सरसाइज होती है।

**इस बात का रखें ध्यान:** अगर किसी को फ्रोजन शोल्डर या टेनिस एल्बो की परेशानी नहीं है, तो उसके लिए स्वीमिंग एक अच्छी एक्सरसाइज हो सकती है। इससे कंधों और भुजाओं की अच्छी एक्सरसाइज हो जाती है। साथ ही कोर मसल्स को मजबूती भी मिलती है। बैठकर पोंछा लगाना भी एक अच्छी एक्सरसाइज है, जिन्हें घुटनों में तकलीफ हो उन्हें खड़े-खड़े पोंछा लगाना चाहिए।

**(फिटनेस ट्रेनर चिन्मय राय से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग आज

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में रिक्त साटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। कॉलेज के दाखिला नोडल अधिकारी डा. सतीश सैनी ने बताया कि दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी, जिन्होंने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है, वो आवश्यक मूल दस्तावेजों व उनकी प्रति सहित प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते है। काउंसलिंग में प्रवेश मेरिट व सीटों की उपलब्धता के आधार पर दिया जाएगा।

### यदुवंशी कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य बजरंग लाल ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार की ओर से स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए पोर्टल खुल चुका है। एमएससी फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, कंप्यूटर साइंस, ज्योग्राफी, बॉटनी, जूलॉजी, एमए हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, संस्कृत, एमकॉम, एमटेक संकायों में सीमित सीटों पर पीजी में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को विश्वस्त करते हुए कहा कि चेयरमैन स्कॉलरशिप के तहत विद्यार्थियों को फीस में विशेष छूट पर एडमिशन किए जा रहे हैं।

### खासपुर में तीज पर्व पर मेला 27 को

**नारनौल।** गांव खासपुर में तीज पर्व के पावन अवसर पर श्री शनि शक्ति धाम की आठवीं वर्षगांठ पर वार्षिक मेले का आयोजन 27 जुलाई को किया जाएगा। मेले की तैयारियों में ग्राम की महिला समिति ने अभूतपूर्व योगदान दिया है। समिति की सदस्य रामकला, बिमला, बाला, दयावती, संतरा आदि पिछले दो महीनों से मंदिर प्रांगण व खेल मैदान में सफाई अभियान, भंडारे की व्यवस्था और निर्माण कार्यों में दिन रात जुटी हुई हैं। तीज मेले के दिन मंदिर परिसर व खेल मैदान में वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।भक्तों व ग्रामवासियों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है।

---

एसपी हेमेंद्र मीणा ने अभियान के तहत अधिकारियों को दिए निर्देश

# लोगों को साइबर क्राइम से बचाने के लिए थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें

साइबर क्राइम के शिकार होने पर तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें तथा वेबसाइट पोर्टल पर दर्ज करें शिकायत



रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र मीणा।

- सभी को जागरूक कर रही पुलिस
- एसपी ने बताया बैंक संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिला पुलिस की ओर से आमजन को लगातार साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों में जानकारी दी जा रही है। एसपी ने साइबर जागरूकता अभियान के तहत जिले के सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के बारे जागरूक करने के निर्देश दिए गए है ताकि भविष्य में साइबर धोखाधड़ी व ठगी की पुनरावृति न हो सकें। एसपी ने कहा कि हम टेक्नोलॉजी के दौर में इतने तेजी से विकास कर रहे है कि इसके बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जितनी तेजी से हम इस डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे है उतनी ही हम लोगों की इंटरनेट पर निर्भरता भी बढ़ रही है, इसके साथ-साथ साइबर अपराध के भी मामले बढ़ रहे है। एसपी ने कहा कि व्हाट्सएप या ई-मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और बैंक संबधी किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा न करें, क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सावधानी व सतर्कता ही बेहतर उपाय है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

ऑनलाइन खरीदारी करते समय चेक करें कि वेबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस हो न की खाली एचटीटीपी। अगर कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें। किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक डिटेल, एटीएम कार्ड नम्बर वा कार्ड की एक्सपायरी एवं कार्ड पर पीछे लिखे तीन डिजिट के सीवीवी नंबर को किसी के साथ शेयर न करें। किसी अपरिचित नंबर से आपके पास फोन मैसेज या व्हाट्सएप मैसेज पर कोई लिंक या फोटो आए तो उस पर क्लिक न करें। नेटवर्क को 5जी नेटवर्क में शिफ्ट कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सुरक्षित रहें। अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की फोटो को सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीपी के रूप में प्रयोग कर धोखाधडी कर रहे हैं, इससे सावधान रहें। व्हाट्सएप पर किसी भी अज्ञात नम्बर से आई किसी भी प्रकार की विडियो या ऑडियो कॉल को रिसीव न करें। ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

**जागरूक करने का बीड़ा उठाया : एसपी**

एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि जिला पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस ने साइबर ठगी को लेकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। एसपी ने कहा कि जिला पुलिस सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को जागरूक कर रही है, वही आम लोगों को भी जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी किसी के साथ किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी हो जाती है तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर पोर्टल बेवसाइट साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि कार्रवाई की जा सके।

---



रेवाड़ी। अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर संघर्ष तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़-भगवानपुर में अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर चल रहा धरना 35वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को धरने पर बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, तुर्कियावास, बालियर खुर्द, मालाहेड़ा, ढाकिया, रोजका, जीतपुरा, बालियर कंला,फदनी, मीरपुर, गोकलपुर, कुंभावास, जाट,जाटी खलीलपुर, ढोहकी, डाबड़ी,काकोड़िया, मुंढलिया, नयागांव, घुड़कावास, लिसाना, जाट गंगायचा, जाट भूरथल व रामगढ़ भगवानपुर गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक सरकार मांगों को नहीं मान लेती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। सोमवार को अनेक गांवों के सरपंच, पूर्व सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि धरने पर शामिल हुए। सतीश सरपंच बुडानी, सत्यवीर एक्स सरपंच भगवानपुर, अनिल सरपंच गोकलपुर, राजकुमार सरपंच बुढ़ाना, रवि सरपंच कुंभावास, करण एक्स सरपंच जाट, जय भगवान सरपंच रतनथल, विक्रम सरपंच प्रतिनिधि रोजका जीतपुरा, अशोक बिल्लू एक्स सरपंच मीरपुर, कवर सिंह एक्स सरपंच मीरपुर, शीशराम सरपंच घुड़कावास, सुबे सिंह एक्स सरपंच बुडाना,सुदन लाल एक्स सरपंच फिदेडी,अभय सिंह फिदेडी, हरिप्रकाश जाट गांव, पृथ्वी सिंह बालियर खुर्द, समय सिंह मसानी, विजय कॉमरेड जैनाबाद, कॉमरेड रमेश चंद्र, मास्टर परमानंद बुढ़ाना आदि मौजूद रहे।

---

# सीईटी के सफल आयोजन को लेकर तालमेल के साथ कार्य करें सभी अधिकारी : एडीसी

- एडीसी राहुल मोदी नें ठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए
- सरकार द्वारा नि:शुल्क बसों की सुविधा प्रदान की गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि आगामी 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी की परीक्षा को जिले में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जारी हिदायतों अनुसार सभी अधिकारी तालमेल के साथ कार्य करें। एडीसी राहुल मोदी ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट यानि सीईटी की तैयारियों को लेकर शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



रेवाड़ी। सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी राहुल मोदी। फोटो : हरिभूमि

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि अधिकारी सीईटी-ग्रुप-सी यानी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के सफल आयोजन के लिए पनी जिम्मेदारी निभाते हुए पारदर्शिता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। उन्होंने कहा कि अभ्यार्थियों को ले जाने व लाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा नि:शुल्क बसों की सुविधा भी प्रदान की गई है ताकि अभ्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किए जाए। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ बिजली पानी व साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए बैठक में एसडीएम कोसली विजय कुमार, डीएसपी रविन्द्र कुमार, महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

# प्रजापति चौक पर २७ जुलाई को मनाई जाएगी महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रजापति समाज की बैठक सोमवार को शांति नगर में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रजापति कुम्हार सभा के प्रधान रोशन लाल ने की। बैठक में 27 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। मास्टर महेंद्र, गुरदयाल रेवलिया, संजय प्रधान व सभा के प्रधान रोशन लाल ने कहा कि आगामी 27 जुलाई को गुरु दक्ष प्रजापति जयंती बड़ी धूमधाम से प्रजापति चौक पर मनाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मण सिंह यादव विधायक होंगे व अध्यक्षता ओमप्रकाश रिटायर्ड क्षेत्रीय प्रबंधक गुरुग्राम ग्रामीण बैंक करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि वंदना पोपली जिला अध्यक्ष भाजपा, व चौधरी दौलतराम 360



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित प्रजापति समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

प्रजापति, सुंदरलाल प्रजापति अध्यक्ष धारूहेड़ा, लक्ष्मण दास प्रजापति उद्योगपति, दिलीप ठेकेदार पूर्व प्रधान राज मिस्त्री एसोसिएशन, लालचंद ठेकेदार खंडोडा वाले, सुरेश कुमार प्रजापति सदस्य कष्ट निवारण समिति व बलबीर ठेकेदार होंगे। कार्यक्रम में भंडारे भी आयोजन भी होगा। धर्मेंद्र प्रजापति व करण प्रजापति ने समाज के लोगों से प्रातः 10 प्रजापति चौक पर पहुंचने का आग्रह किया है। इस अवसर पर चौधरी दौलत राम, श्रीराम थानेदार, हरिकिशन प्रजापति, राजकुमार, लालचंद ठेकेदार, मास्टर महेंद्र, संजय प्रधान, वीर सिंह प्रधान, सागर प्रजापति, शिवम प्रजापति, हीरालाल व कृष्ण मालवाल सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

---

# गोरक्षक की पुण्यतिथि पर 4 अगस्त को हवन एवं श्रद्धांजलि सभा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में सोमवार को गो रक्षक देवेंद्र यादव उर्फ सोनू सरपंच फिदेड़ी की प्रथम पुण्यतिथि मनाने के लिए समाजसेवी अनिल यादव पाल्हावास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि गो माता की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले गो सेवकों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य बनता हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र आशावादी ने कहा कि 4 अगस्त गो रक्षक का प्रथम बलिदान दिवस है। गो रक्षक ने गो माता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। गोरक्षक की



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

स्मृति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोरक्षक चौक का शिलान्यास किया था। पुलिस लाइन के पास स्थित चौक पर 4 अगस्त को सुबह 10:15 बजे गोरक्षक की प्रथम पुण्य तिथि पर हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। आशावादी ने बताया कि कार्यक्रम में साधु महात्माओं, सभी संस्थाओं एवं आमजन को आमंत्रित किया जा रहा हैं। इस अवसर पर शीशराम यादव, दलीप शास्त्री, लखपत सिंह, हेड मास्टर जितेंद्र, मोहनलाल, प्रदीप डागर, सरदार सिंह, श्याम सुंदर, नवल सिंह व रोहित यादव मौजूद थे।

---

# शिविर में कब्जे हटाने व गंदे पानी की निकासी का प्रबंध करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार व वीरवार को लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए विश्वास और संतोष का प्रतीक बन रहे हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आमजन की शिकायतों को सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया। डीसी ने अवैध कब्जे की शिकायत पर अधिकारियों को पंचायती रास्तों से अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश दिए ताकि गंदे पानी की निकासी हो सके। उन्होंने हंस नगर में गंदे पानी एकत्रित होने की समस्या पर जनस्वास्थ्य विभाग



रेवाड़ी। सुनवाई करते डीसी अभिषेक मीणा, एसपी हेमेंद्र मीणा व एडीसी राहुल मोदी।

के अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन बनवाई गई। इसके अतिरिक्त परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज कराने, पेंशन, जमीनी विवाद, अवैध कब्जे, बिजली, पानी व रास्ते पक्का कराने जैसी शिकायतें सामने आई, जिन पर डीसी ने अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीसी ने शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

---

# बिजली लाइन दुरुस्त करने का कार्य तेज उपभोक्ताओं को फाल्ट से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

धारूहेड़ा में बिजली निगम की ओर से लंबे समय बाद बिजली की लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। कस्बे के नागरिकों ने बिजली मंत्री अनिल विज, दक्षिणी हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम धारूहेड़ा के कार्यकारी अभियंता धर्मेंद्र रूहिल, एसडीओ कृष्ण सैनी, कनिष्ठ अभियंता हुक्मचंद, फोरमैन भूदेव व लाइनमैन सुखबीर का आभार व्यक्त किया है। धारूहेड़ा में घरों के ऊपर से जा रहीं 11 हजार वोल्टेज की हाइटेंशन लाइनों को हटवाने के लिए कस्बा निवासी जेपी यादव ने केंद्रीय मंत्री व विधायक को पत्र लिखकर मांग की थी। इसके बाज बिजली मंत्री अनिल विज से मिलकर समस्या बजाई, जिसके बाद हाइटेंशन लाइन हटा कर शिफ्ट की गई। इसके अतिरिक्त सेक्टर 4-6 की लाइन को ठीक कराने के लिए कार्यकारी अभियंता ने मौका कर ठीक करा दिया है। कस्बे के सभी बिजली ट्रांसफरों की क्षमता भी बढ़ा दी गई है।



धारूहेड़ा में बिजली कार्य करते हुए कर्मचारी।

---

नशा मुक्त टीम ने गांव बनीपुर व किशनपुर में डोर टू डोर संपर्क किया

# युवाओं को नशे की लत से दूर रहकर, शिक्षा और खेलों से नाता जोड़ने के लिए प्रेरित किया

- निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। सोमवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में नशा मुक्त टीम ने गांव बनीपुर व किशनपुर में डोर टू डोर संपर्क कर ग्रामीणों के साथ बैठक की और गांवों को नशा मुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर शिक्षा व खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए इसका हिस्सा बने, क्योंकि आजकल नौजवान पीढ़ी नशे की लत में बढ़ती जा रही है, जो की आने वाले समय में बहुत ही घातक सिद्ध हो सकती है। युवाओं को भी चाहिए कि वह नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए शिक्षा व खेलों से नाता जोड़े तथा स्वयं भी नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इससे दूरी बनाकर रखने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अगर कसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना मिलती है या कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। उन्होंने गांव के नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नशे के विरुद्ध इस युद्ध में पुलिस का सहयोग करे। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।



रेवाड़ी। गांव में महिलाओं को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

---

# महोत्सव सम्पन्न, ऊषा भार्गव ने जीता तीज क्वीन का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बावल चौक स्थित सीएसटी कॉम्पलेक्स में भार्गव महिला सभा की ओर से तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारभ संत सहजोबाई का पूजन करके किया गया। सभा की अध्यक्षा अमिता व सचिव सुमन भार्गव ने सभी महिलाओं का स्वागत किया। रीता व उनकी टोली ने सावन के गीतों से दर्शकों का मन मोहा, वहीं कार्यक्रम आयोजक वर्षा भार्गव, सुमन भार्गव तथा अध्यक्षा अमिता भार्गव ने विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम्स कराए गए।

गेम्स में मैंने चूड़ी जो खनकाई की विजेता सुरभि, नीतिका, श्रृंगार सजनी का की विजेता मनुश्री भार्गव, अनुभवी कौन में सुधा



रेवाड़ी। तीज क्वीन का सम्मान करती भार्गव सभा की सदस्याएं।

भार्गव तथा रेवाड़ी इज द बेस्ट की विजेता एडवोकेट पूजा भार्गव रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में ज्योति भार्गव प्रथम, शिल्पी भार्गव द्वितीय तथा अर्पिता भार्गव तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका पुष्पा वर्मा, लायनेस क्लब की अध्यक्ष मधु भार्गव, पूर्व पार्षद प्रमिला भार्गव व वंदना ने निभाई। मंच संचालन नेहा भार्गव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण तीज क्वीन-2025 का खिताब ऊषा भार्गव ने जीता। प्रमिला भार्गव, अध्यक्ष अमिता तथा सचिव सुमन भार्गव ने विजेता को ताज पहनाकर सम्मानित किया।

**सूचना**

मैं, कविता पत्नी श्री धर्मपाल पुत्र श्री ठाकर दास निवासी आजाद नगर, डॉ. दिनेश के सामने गली नं. 3, रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरे पुत्र 1. राजन व पुत्रवधु ज्योति, 2. साजन कुमार व पुत्रवधु मोनिका, 3. प्रवेश कुमार व पुत्रवधु राधा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### प्रो. घोष का अनुभव विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगाः वंदना पोपली

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने सोमवार को प्रोफेसर असीम कुमार घोष को राज्य का नया राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर चंडीगढ़ स्थित राज भवन में मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रो. घोष एक अनुभवी शिक्षाविद् और कुशल प्रशासक हैं, जिनका अनुभव और दूरदृष्टि राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वंदना पोपली ने कहा कि प्रो. असीम कुमार घोष की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति से राज्य को सुशासन, शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में नई दिशा मिलेगी। सभी को उनसे आशा है कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश और अधिक प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह निर्णय राज्य हित में एक दूरदर्शी कदम है।

हरिद्वार से कांवड़ लेकर बड़ी संख्या में लौट रहे कांवड़िए, सेवा शिविरों में सज रही रंग-बिरंगी कांवड़

# श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में भोलेबाबा की धूम, बोल बम के लगे जयकारे

- महिला-पुरुष व युवतियां बड़ी संख्या में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। महिला-पुरुष व युवतियां बड़ी संख्या में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे और उनका बेलपत्र, दूध, दही, शहद व घी चढ़ाकर जलाभिषेक भी किया। शहर के मोती चौक स्थित घंटेश्वर महादेव मंदिर, बारा पत्थर भूतेश्वर महादेव मंदिर, नई अनाज शिव मंदिर, सोलहराही भूतेश्वर मंदिर, आजाद चौक शिव मंदिर, शिव चौक व हरिकीर्तन मंदिर सहित अनेक मंदिरों में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। महिलाओं ने मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया। कहा जाता है कि श्रावण मास में सोमवार का व्रत रखने से व्रतियों के सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं। भगवान शिव की आराधना करने पर कभी भी पराजय नहीं होती है। अविवाहित युवतियों ने भी सोमवार का व्रत रखकर भगवान शिव व माता पार्वती से मनवांछित वर की कामना की।





रेवाड़ी। सोमवार को अनाजमंडी शिव मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु तथा सोमवार को पंजाबी मार्केट शिव मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### मंदिरों में हो रहा भजन-कीर्तन का आयोजन

सावन माह के पविद्ध माह में शहर के शिव मंदिरों में महिला मंडलों की ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कालाका रोड पर स्थित श्री महाकाल मंदिर प्रांगण में सावन मास शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है। मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर प्रातः 7 बजे ढोल आरती, 11 बजे भोग आरती, शाम 6:45 बजे संध्या आरती तथा रात्रि 9 बजे शयन आरती की जा रही है। आजाद चौक स्थित शिव मंदिर के पुजारी पंडित सुमन भारद्वाज ने बताया कि शिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर में तैयारी कर ली गई है।

### कांवड़ शिविरों में महादेव के लग रहे जयघोष

शिवरात्रि के पावन पर्व पर हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों की जयघोष से अहीरवाल की ऐतिहासिक नगरी गूंज उठी है। जिले में अनेक जगह स्थापित कांवड़ सेवा शिविरों में कांवड़ियों की सेवा की जा रही है। 23 जुलाई को शिवरात्रि के अवसर पर भोले का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों वापस पहुंच रहे है। धारूहेड़ा में लगे कांवड़ सेवा शिविरों में राजस्थान के बीबीरानी, खैरथल, अलवर, बर्डोद, लक्ष्मणगढ़, तिजारा व खुशखेड़ा के कांवड़ियों को विश्राम दिया जा रहा है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में कांवड़ लेकर पहुंचा कांवड़िया। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस के 28 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में 500 से अधिक अंक प्राप्त किए

# आरपीएस के नीट और जेईई एडवांस्ड में सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली रोड स्थित आरपीएस स्कूल में नीट और जेईई एडवांस्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। आरपीएस के 28 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में 500 से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 18 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड में सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मोमेंटो एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। आरपीएस ग्रुप के सीईओ मनीष राव ने विद्यार्थियों की सफलता के लिए उनकी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। नीट परीक्षा में सारिका ने 625 अंक, कशिश ने 597 अंक, जानवी पंवार ने 585 अंक, हिमानी ने 581 अंक, साहिल ने 580 अंक, चंचल ने 577 अंक, हर्षित ने 576 अंक, रेहा ने 564 अंक, शुभम ने 562 अंक, सायना ने 561 अंक, रोहित ने 557 अंक, आदिति ने 553 अंक, दिव्या ने 552 अंक, ऋत्विक ने 543 अंक, नंदिनी ने 541 अंक, ख्याति ने 540 अंक, मुस्कान ने 537 अंक, ओजस्वी ने 537 अंक, ऋषिका ने 534 अंक, यशवीर व सूरज ने 530 अंक, कशिश ने 525 अंक, नेहा ने 520 अंक, छवि ने 515 अंक, अनुष्का ने 510 अंक, नितीशा व विधि ने 508 अंक तथा किंजल ने 464 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया, वहीं जेईई एडवांस्ड परीक्षा में पियूष, याशिका, कृष, वंश, रिजुल, कशिश, यशवी, जानवी, नीरज, हेमंत, हिमानी, गर्वित, गौरव, प्रियांशु, अभिजीत, जतिन, रोहित एवं दीपांशु ने सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। नीट परीक्षा में 105 विद्यार्थियों तथा जेईई एडवांस्ड में 95 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। साथ ही जेईई मेन परीक्षा में 55 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य विक्रम यादव, डीन राकेश वशिष्ठ, एकेडमिक डीन ईश ढींगरा एवं विषय विशेषज्ञों ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




रेवाड़ी। नीट और जेईई एडवांस्ड में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



### भ्रूण में बेटियों की हत्या अपराधः योगेश कुमारी

**रेवाड़ी।** गांव खरसानकी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को भ्रूण हत्या जैसे घिनौने अपराध के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें बेटियों के महत्व के बारे में बताया गया। सुपरवाइजर योगेश कुमारी ने कहा कि समाज में लगातार घटते लिंगानुपात को देखते हुए यह अभियान आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि भ्रूण में ही बेटियों की हत्या करना एक कानूनी अपराध है, जिसके लिए पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत सख्त सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि बेटियों को जीवन का अधिकार देना न केवल नैतिक जिम्मेदारी है बल्कि समाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता व सहायिका मनोज देवी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जतिन व विकेश ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर स्थित के विद्यार्थियों ने स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश में सफलता का परचम लहराया है। स्टेट लेवल चैंपियनशिप एसजीएएफआई हरियाणा की ओर से कारौली में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के छात्र जतिन ने 200 मीटर ट्रैक रेस में स्वर्ण पदक जीता व विकेश ने 400 मीटर ट्रैक रेस में स्वर्ण पदक हासिल कर शिक्षकों, अभिभावकों व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी व उनका मार्गदर्शन करने के लिए कोच रवि कुमार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि सभी का शारीरिक व मानसिक विकास हो सकें।



रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय विद्यालय गंगायचा अहीर पौधरोपण करके दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रेवाड़ी।** पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी व भारत विकास परिषद् जिला पर्यावरण संयोजक दयाराम आर्य ने अपने सुपौत्र यशदेव तथा कुलदीप का जन्मदिन राजकीय माध्यमिक विद्यालय गंगायचा अहीर में पौधरोपण करके मनाया। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत बरसात के मौसम में सार्वजनिक स्थानों गांव की बणी, स्कूल व शमशान घाट में पौधे लगाकर उनका संरक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने पाश्चात्य संस्कृति को छोड़कर जन्म दिवस जैसे विशेष अवसरों पर जनकल्याण एवंपर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर राजबाला, रामरती, वर्षा रानी, निशा, हर्षिता, यशिका, रणदीप व संदीप मौजूद रहे।



रेवाड़ी। स्कूल में पौधारोपण करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# दिव्यांग बच्चों के लिए चिकित्सा जांच कैंप आयोजित

- शिविर में 55 बच्चों की जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार को नागरिक अस्पताल में खोल खंड के दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय चिकित्सा जांच कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 12वीं तक के दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया।

शिविर में 55 बच्चों की जांच की गई। कैंप में सभी प्रकार की दिव्यांगता रखने वाले बच्चों का मेडिकल असेस्मेंट किया गया। बच्चों को सर्टिफिकेट, यूडीआईडी कार्ड व टीएलएम किट के लिए चिहिंत किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना संयोजक राजेन्द्र शर्मा, एपीसी कृष्ण उमार, एपीसी हेमन्त व असिस्टेंट सुपरीटेनडेंट प्रदीप कुमार एवं सीएमओ डा. नरेन्द्र दहिया उपस्थित थे। शिविर में विशेष शिक्षकों ने भी योगदान दिया।




रेवाड़ी। कैंप में दिव्यांगों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कन्या भ्रूण हत्या व कुपोषण को लेकर किया जागरूक

**कोसली।** सादतनगर गांव में कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराई के विरुद्ध महिलाओं को जागरूक करने के सोमवार को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम का किया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधा यादव ने कहा कि बेटा और बेटी एक समान है और इन्हें समान दृष्टि से देखा जाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को आपकी बेटी हमारी बेटी, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराई को जड़ से खत्म करने की शपथ ली। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर पिंकी शर्मा, एएनएम बिंद्रु, आंगनबाड़ी वर्कर वेदवती व आशा वर्कर मौजूद रहीं।

कार्यक्रम | कार्यक्रम में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

# भाजपा कार्यालय में तीज महोत्सव का आयोजन पारंपरिक गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां

- वंदना पोपली ने कहा कि हरियाली तीज हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला मुख्यालय में हरियाली तीज के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला कार्यालय भव्य तरीके से सजाया गया। इस मौके पर वंदना पोपली ने कहा कि हरियाली तीज हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और हमारी महिला कार्यकर्ता इसका जीवंत उदाहरण हैं।

मुख्य अतिथि आरती राव ने कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। आज का यह आयोजन भाजपा की ओर से सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महिला कार्यकर्ताओं ने तीज पर्व के स्वागत में पारंपरिक गीत गाए और खुशी का इजहार किया। पारंपरिक तीज गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने उत्सव का माहौल रंगारंग बना दिया। महिला कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का फूलों से अभिनंदन किया। पारंपरिक झूलों की सजावट ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस मौके पर सभी महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।



रेवाड़ी। भाजपा कार्यालय में तीज महोत्सव मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि